राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–252/2024

राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण एवं तिपहिया साईकिल का वितरण किया

पटना, 03 दिसम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल–सह–रिसर्च सेन्टर, पटना में दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण एवं तिपहिया साईकिल का वितरण किया। उन्होंने दिव्यांगों की सक्षमता प्रदर्शन मोटर साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल द्वारा विकलांगों के लिए किया जाने वाला कार्य अतुलनीय है। सामाजिक कार्यों में जैसे–जैसे हम आगे बढ़ते जाते हैं, लोगों का सहयोग भी मिलता जाता है। हमारे इन नेक कार्यों का संज्ञान कोई ले या न लें, परन्तु ईश्वर की दृष्टि इनपर जरूर रहती है। भगवद्कृपा से ही ऐसे कार्य करने की प्रेरणा और शक्ति मिलती है। अपना तन–मन और धन लगाकर समाज के लिए निःशुल्क सेवा का यह कार्य अत्यन्त सराहनीय है।

राज्यपाल ने कहा कि समाज में विकलांगता को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। दिव्यांगों को उनके अभिभावकों से मिलकर इलाज हेतु अस्पताल लाया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल–सह– रिसर्च सेन्टर की गतिविधियों को देखा तथा वहाँ आर्टिफिशियल लिम्ब बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का सहयोग भी प्राप्त कर सकता है।

कार्यक्रम को सुप्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री श्री बिमल जैन एवं डॉ० एस०एस० झा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल–सह–रिसर्च सेन्टर, पटना के अध्यक्ष श्री देशबंधु गुप्ता, संस्थान के प्रबंध न्यासी श्री विवेक माथुर, चिकित्सकगण, चिकित्साकर्मीगण, दिव्यांगजन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....